Moorebank Intermodal Precinct

Hindi



**Moorebank Intermodal Precinct ऑस्ट्रेलिया के सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक और इंटरमोडल परिसरों में से एक है। परिसर का पैमाना और क्षमता ऑस्ट्रेलियाई में पहला है और यह देश की आपूर्ति श्रृंखला को बदल देगा, जिससे हजारों ट्रक सड़क से हट जाएंगे और साथ ही अधिक कुशल और टिकाऊ कार्यविधि और माल की डिलीवरी प्रदान करने से व्यवसाय और उपभोक्ताओं के लिए लागत कम होगी।**

## MOOREBANK का नया नाम और स्वरूप

हम परिसर के लिए नए स्वरूप और नाम पेश करने के लिए उत्साहित हैं। नया नाम, Moorebank Intermodal Precinct, और स्वरूप की शुरुआत आने वाले महीनों में साइनेज और मार्केटिंग सामग्री पर धीरे-धीरे की जाएगी। हमारी नई वेबसाइट के लॉन्च (शुभारम्भ) के लिए हमारे साथ बने रहें।



## अप्रैल - मई 2023 निर्माण अपडेट

### सड़कों में सुधार

Moorebank Avenue और Anzac Road के चौराहे के अपग्रेड के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं को निर्माण गतिविधि में वृद्धि दिखाई देनी चाहिए। इस काम को करने के लिए, आने वाले महीनों के लिए यातायात व्यवस्था में कई बदलाव किए जा रहे हैं या इसके लिए योजना बनाई गई है जिनमें शामिल हैं :

- Moorebank पर उत्तर की ओर जाने वाली गलियों को Anzac Road और M5 टर्न लेन के बीच एक लेन में बदला जाना (मार्च-अप्रैल)
- Moorebank Avenue पर दक्षिण की ओर जाने वाली गलियों को Bapaume Road (मार्च-अप्रैल) के बाद 30 मीटर तक मर्ज लेन से एक लेन में बदला जाना
- Moorebank Precinct West के लिए मुख्य निर्माण पहुंच Bapaume Road में बदल जाएगी और Chatham Avenue स्थायी रूप से बंद हो जाएगा (अप्रैल के अंत से)
- Moorebank Precinct West, में नई परिसर रोड, Bushmaster Avenue, 2023 की दूसरी छमाही में खुलेगी।

इन सड़क परिवर्तनों के बारे में नवीनतम जानकारी के लिए परियोजना की वेबसाइट पर नज़र रखें।

इस बीच, National Intermodal ने स्वीकृत Moorebank Avenue Realignment के लिए पूर्व-निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाना जारी रखा है। इसमें निर्माण कार्यों के लिए खरीद पैकेज तैयार करना और निर्माण कार्य शुरू होने के बाद ठेकेदार के व्यवहार और गतिविधियों को निर्देशित करने में मदद करने के लिए कई निर्माण प्रबंधन योजनाओं को अंतिम रूप देना शामिल है।

सम्बंधित सड़क प्राधिकरणों के साथ डिज़ाइन कार्य भी जारी हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अंत में संरेखण (अलाइंमेंट) क्षेत्र की परिधि के आसपास यातायात के लिए एक सुरक्षित, कार्यात्मक प्रवाह प्रदान करे।

## बिजली आपूर्ति अपग्रेड

जैसा कि पहले बताया गया था, Moorebank में एक नया 33kV Endeavour Energy कनेक्शन Moorebank क्षेत्र के भीतर बिजली के बुनियादी ढांचे में सुधार और विस्तार करने और Moorebank Intermodal Precinct के चल रहे संचालन के लिए लोड आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक है। जून और जुलाई 2022 के दौरान प्रदर्शित की गई पर्यावरणीय कारकों की समीक्षा (REF) में इस अपग्रेड की योजनाओं को शामिल किया गया था।

REF परामर्श प्रक्रिया के दौरान स्टेकहोल्डरों (हितधारकों) की प्रतिक्रिया के बाद, इस अपग्रेड के दायरे को Ernie Smith Reserve और Nuwarra Road, Moorebank के बीच Junction Road के साथ प्रस्तावित 33kV बिजली लाइनों को शामिल करने के लिए संशोधित किया गया है। प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभावों से बचने के लिए जहाँ संरेखण Anzac Creek को पार करता है वहाँ शेष संरेखण के लिए ओवरहेड आपूर्ति को बनाए रखा जाएगा।

REF पर प्रतिक्रिया और कार्यक्षेत्र में बाद के बदलाव को सबमिशन रिपोर्ट के जवाब में सविस्तार दिया गया था और REF के परिशिष्ट में जोड़ा गया था जिसे 25 फरवरी और 19 मार्च के बीच प्रदर्शनी में रखा गया था।

अनुमोदन और खरीद कार्य पूरा हो जाता है, तो निर्माण 2023 की दूसरी छमाही में शुरू होने की उम्मीद है और इसे पूरा होने में लगभग छह महीने लगेंगे। सामुदायिक सदस्यों को कार्यों के पूरे कार्यक्रम के दौरान निर्माण गतिविधियों के बारे में नियमित रूप से सूचित किया जाएगा।

## साइट पर सामग्री का दीर्घकालिक भंडारण

Moorebank Intermodal Precinct पर मिट्टी का काम 2017 में शुरू हुआ। तब से, निर्माण प्रक्रिया के हिस्से के रूप में पूरी साइट पर काफी मात्रा में मिट्टी की खुदाई की गई है। कई निर्माण परियोजनाओं में खोदी गई मिट्टी को लैंडफिल के लिए साइट से बाहर भेज दिया जाता है। इसके परिणामस्वरूप परिवहन, लैंडफिल और उत्सर्जन पर इसका प्रभाव होता है, जिसे साइट पर पुन: उपयोग को अधिकतम करने के लिए मिट्टी के अच्छे विज्ञान और कार्यों के समझदार समय-निर्धारण से बचाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, स्वच्छ शीर्ष मिट्टी का भूनिर्माण के लिए या वनस्पति वाले क्षेत्रों में पुन: विकास माध्यमों के रूप में दुबारा उपयोग किया जा सकता है। अन्य सामग्री गोदामों और/या आंतरिक सड़कों के तहत संरचनात्मक सम्बल के रूप में उपयोग के लिए उपयुक्त हो सकती है।

साइट पर लगभग खोदने की सभी सामग्री का पुन: उपयोग करने में सक्षम होने पर परिसर को गर्व है। हालाँकि, जैसे-जैसे हम मिट्टी के काम के अंत तक पहुँचना शुरू करते हैं, यह अनुमान लगाया जाता है कि खुदाई की गई मिट्टी की थोड़ी मात्रा हमारी आवश्यकताओं से अतिरिक्त रहेगी। फिर से, स्थानीय परिवहन, लैंडफिल और ऑफ-साइट मिट्टी प्रबंधन से जुड़े उत्सर्जन प्रभावों को कम करने की मांग में, National Intermodal ने अतिरिक्त सामग्री का साइट पर भंडारण लंबे समय तक करने के लिए संभावित स्थान के रूप में परिसर के मध्य-दक्षिणी छोर पर स्थित अतिरिक्त, साफ भूमि के एक छोटे से पैच की पहचान की है। अतिरिक्त मिट्टी को एक टेबलटॉप प्रकार की इंजीनियर संरचना में रखा जाएगा, जो ऊपरी मिट्टी और घास से ढकी होगी।

National Intermodal लंबी अवधि के भंडारण क्षेत्र के लिए अनुमोदन की मांग करते हुए एक पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन (संशोधन रिपोर्ट के रूप में) प्रस्तुत करेगा। NSW नियोजन विभाग को अप्रैल/मई 2023 के लिए सब्मीशन (प्रस्तुति) जमा कराने की योजना है। अंतरिम रूप से हम समुदाय द्वारा किसी भी टिप्पणी या प्रश्न का स्वागत करेंगे।



## अंतरराज्यीय रेल टर्मिनल

अंतरराज्यीय रेल टर्मिनल का निर्माण अच्छी तरह से प्रगति कर रहा है, मिट्टी के काम और उपयोगिता स्थापना पूरी होने के करीब है। अप्रैल के अंत से रेलवे की पटरियाँ बिछाने का काम शुरू हो जाएगा। आने वाले महीनों में टर्मिनल फुटपाथ बिछाए जाएंगे।

मार्च में, National Intermodal ने टर्मिनल के कंटेनर हैंडलिंग सुविधाओं के निर्माण के प्रारंभ को चिह्नित करने के लिए Moorebank परिसर में इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, क्षेत्रीय विकास और स्थानीय सरकार की मंत्री, Hon Catherine King, MP का स्वागत किया था। एक बार आरम्भ होने के बाद अगले वर्ष, टर्मिनल का उपयोग प्रत्येक 1800 मीटर लंबी ट्रेनों द्वारा किया जाएगा। अंतत: टर्मिनल में प्रत्येक वर्ष 500,000 से अधिक TEU को संभालने की क्षमता होगी, जो आपूर्ति श्रृंखला लागत और परिवहन से उत्सर्जन को कम करने के लिए एक कुशल साधन प्रदान करेगा।

## पर्यावरण संबंधी कार्य

National Intermodal के बायोबैंकिंग कस्टोडियनशिप (संरक्षकता) के तहत 100+ हेक्टेयर भूमि में लगातार संरक्षण कार्य हो रहे हैं। गीले मौसम और धूप सभी प्रकार की स्थितियों में, इस काम का अधिकांश भाग विदेशी वनस्पतियों और खरपतवारों को हटाने पर केंद्रित है। हालांकि, National Intermodal का ध्यान George's River के पास एक क्षेत्र में देशी वनस्पति को फिर से स्थापित करने पर भी केंद्रित है, जिसे ऐतिहासिक रूप से साफ़ कर दिया गया है। इस क्षेत्र में देशी प्रजातियों के पुन: विकास को समर्थन देने के लिए गहरी मिट्टी का तल बनाने के लिए वर्तमान में मिट्टी लगाने की क्रिया चल रही है। हालाँकि वर्तमान में बहुत गीले मौसम के कारण गतिविधियाँ अपने निर्धारित समय से थोड़ी पीछे हैं, यह आशा की जाती है कि मई/जून 2023 में मूल पौधों को फिर से लगाया जाना शुरू हो जाएगा - प्रत्येक प्रजाति को लगाने के लिए सबसे अच्छे समय का निर्धारण पर्यावरण विशेषज्ञों (इकोलॉजिस्ट) की सलाह के अनुसार होगा।

# सुस्थिरता और समुदाय

## झूले लगाए गए हैं

National Intermodal, सोशल एंटरप्राइस (सामाजिक उद्यम) Play For All Australia (प्ले फॉर ऑल ऑस्ट्रेलिया) के साथ साझेदारी करके Cameron Park और Lakeside Park में दो समावेशी, हाई-बैक झूलों को स्पांसर (प्रायोजित) करके उत्साहित हैं।

स्थानीय समुदाय के भीतर खेल के मैदानों में समावेशी झूलों को स्थापित करने का मतलब है कि हर बच्चा - क्षमता की परवाह किए बिना - खेल सकता है, जुड़ सकता है और संबंधित हो सकता है।

Play for All Australia की स्थापना Caroline Ghatt और उनके पति Tim Smith द्वारा की गई थी, जिनके बेटे Marcus को एक गंभीर विकलांगता थी जिससे पूरे स्थानीय समुदायों में जागरूकता पैदा हो और सामाजिक समावेशन पैदा हो।

Casula Parklands में जनवरी के अंत में इनको लॉन्च (शुरु) किया गया, हमारे स्टेकहोल्डर रिलेशंस के निदेशक Kylie Hargreaves लिवरपूल सिटी काउंसिल, स्थानीय व्यवसायों और सामुदायिक समूहों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

*Ms Hargreaves ने कहा, "शायद ऐसा और कुछ भी नहीं है जो आपको किसी बच्चे के झूले पर ऊँचे और अधिक ऊँचा झूलने पर उसकी रोचकता को सुनने से ज्यादा हँसा सके। हर बच्चे को उस उत्साह को महसूस करने का मौका मिलने की जरूरत है, चाहे उनकी क्षमता कुछ भी हो। ये झूले इसे संभव बनाते हैं"।*

वर्तमान में 12 स्थानीय पार्कों में झूले लगाए जा रहे हैं, जिनमें Cameron Park और Lakeside Park प्रायोजित-झूले चालू हैं और स्थानीय समुदाय द्वारा इनका आनंद लेने के लिए तैयार हैं।



इंफ्रास्ट्रक्चर (मूलभूत सुविधाएँ), परिवहन, क्षेत्रीय विकास और स्थानीय सरकार मंत्री, Hon Catherine King, सांसद Moorebank Intermodal Precinct का दौरा करती हुई

## संचालन और निर्माण के घंटे

इंटरमॉडल सुविधा (आयात निर्यात टर्मिनल और वेयरहाउसिंग सहित) के स्वीकृत संचालन घंटे सप्ताह में 7 दिन 24 घंटे हैं।

**निर्धारित घंटों से बाहर काम**

हमारे काम आम तौर पर सामान्य निर्माण घंटों के भीतर किए जाते हैं, हालांकि कुछ गतिविधियां या अनिवार्य परिस्थितियां हो सकती हैं जिनके लिए समुदाय, सड़क उपयोगकर्ताओं और स्थानीय व्यवसायों पर प्रभाव को कम करने के लिए इन घंटों के बाहर काम करना होगा।

प्रभावित निवासियों और व्यवसायों को इन कार्यों के बारे में वेबसाइट और लेटरबॉक्स में चिट्ठी छोड़े जाने के माध्यम से अग्रिम रूप से सूचित किया जाएगा।

**निर्माण कार्य के स्वीकृत सामान्य घंटे हैं:**

**Moorebank Precinct West**
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 बजे - शाम 6 बजे
शनिवार: सुबह 8 - दोपहर 1 बजे

**Moorebank Precinct East**
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 बजे - शाम 6 बजे
शनिवार: सुबह 7 - दोपहर 1 बजे

## संपर्क करने के लिए

संपर्क करने, जानकारी का अनुरोध करने या शिकायत करने के लिए:

**हमें फोन करें:**
1800 986 465

**हमें ईमेल करें:**
moorebank@tsamgt.com

**हमें लिखे:**
Level 15, 207 Kent Street,
Sydney, NSW, 2000

अधिक जानकारी के लिए,
कृपया हमारी वेबसाइट **simta.com.au** पर जाएँ

Moorebank
Intermodal Precinct